
# The ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# CURRENT AFFAIR

31 - 05– 2023

WEDNESDAY



## 1 गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हरा चेन्नई सुपर किंग्स ने जीता IPL 2023 का खिताब




आईपीएल के 16वें सीजन का फाइनल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला गया। इस मैच में सीएसके ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। लेकिन, गुजरात के बल्लेबाजों ने उसे गलत साबित करते हुए 214 रन बना डाले। गुजरात के लिए साई सुदर्शन ने महज 47 गेंदों पर 96 रन की तूफानी अर्धशतकीय पारी खेली। कि भारी बारिश शुरू हो गई। बारिश रुकने के बाद सीएसके को 15 ओवर 171 रन का संशोधित लक्ष्य दिया गया। इसके जवाब में सीएसके ने यह मुकाबला अंतिम गेंद पर पांच विकेट से जीत लिया। एमएस धोनी की कप्तानी में सीएसके का यह पांचवां खिताब है। चेन्नई को एक बार फिर उसकी सलामी जोड़ी ऋतुराज गायकवाड़ (23) और डेवोन कॉनवे (27) अच्छी शुरुआत दी। उन्होंने पावर प्ले (4 ओवर) में 52 रन कूट डाले। गायकवाड़ और कॉनवे के आउट होने के बाद अजिंक्य और शिवम दुबे ने तेजी से रन बनाने जारी रखा। अजिंक्य ने 13 गेंद पर 27 रन बनाए। आखिरी मैच खेल रहे रायडू ने 8 गेंद पर 19 रन बनाकर आउट किए। आखिरी ओवर में चेन्नई को जीत के लिए 13 रन की जरूरत थी। जडेजा ने एक सिक्स और एक चौका लगाकर मैच खत्म कर दिया।

## 2. चीन ने अपने 3 अंतरिक्ष यात्रियों को 'शेनझोउ 16' यान से अंतरिक्ष में भेजा



चीन ने शेनझोउ-16 मानवयुक्त अंतरिक्ष यान का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया और पांच महीने के मिशन के लिए अपने अंतरिक्ष स्टेशन में एक आम नागरिक सहित तीन अंतरिक्ष यात्रियों को रवाना किया। 'चाइना मैनड स्पेस एजेंसी' (सीएमएसए) के अनुसार, 'लॉन्ग मार्च-2एफ कैरियर रॉकेट' के जरिए अंतरिक्ष यान उत्तर-पश्चिम चीन में जियुक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से सुबह नौ बजकर 31 मिनट (चीन के समयानुसार) पर प्रक्षेपित किया गया। प्रक्षेपण के करीब 10 मिनट बाद शेनझोउ-16 रॉकेट से अलग होकर अपनी निर्धारित कक्षा में प्रवेश कर गया। चालक दल के सदस्य ठीक हैं और प्रक्षेपण पूरी तरह सफल रहा। अंतरिक्ष यात्रियों के सात घंटे से कम समय की यात्रा के बाद जमीन से करीब 400 किलोमीटर ऊपर स्टेशन के तियान्हे कोर मॉड्यूल में पहुंचने की उम्मीद है। अन्य अंतरिक्ष यात्रियों में मिशन के कमांडर जिंग हैपेंग भी शामिल हैं, जो रिकॉर्ड चौथी बार अंतरिक्ष में जाने वाले पहले चीनी अंतरिक्ष यात्री बनकर इतिहास रचने जा रहे हैं।

## 3. तेलंगाना ने 'प्रधानमंत्री जन धन योजना' के तहत 100% कवरेज किया हासिल




तेलंगाना राज्य ने प्रधान मंत्री जन धन योजना (PMJDY) के 100% कवरेज को प्राप्त करके वित्तीय समावेशन में एक

महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। PMJDY वित्तीय समावेशन के लिए एक राष्ट्रीय मिशन है जिसका उद्देश्य बैंकिंग, बचत और जमा खातों, प्रेषण, क्रेडिट, बीमा और पेंशन जैसी वित्तीय सेवाओं तक सस्ती पहुंच प्रदान करना है। यह प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी), कोविड-19 वित्तीय सहायता, पीएम-किसान और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत बढ़ी हुई मजदूरी सहित जन-केंद्रित आर्थिक पहलों के लिए आधारशिला के रूप में कार्य करता है। PMJDY का प्राथमिक उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत में प्रत्येक वयस्क के पास एक बैंक खाता हो, जो औपचारिक वित्तीय प्रणाली में उनकी भागीदारी की सुविधा प्रदान करता है। तेलंगाना में PMJDY के तहत खोले गए सभी खाते बैंकों की कोर बैंकिंग प्रणाली में एकीकृत ऑनलाइन खाते हैं, जो कुशल और सुरक्षित लेनदेन को बढ़ावा देते हैं।

### 4. न्यायमूर्ति ऑगस्टाइन जॉर्ज मसीह ने राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में ली शपथ



जस्टिस ऑगस्टाइन जॉर्ज मसीह राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में मंगलवार को शपथ ली। राजभवन में शाम साढ़े चार बजे शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान राज्यपाल कलराज मिश्र ने नए सीजे ऑगस्टाइन जॉर्ज मसीह को शपथ दिलवाई। मुख्य न्यायाधीश ऑगस्टाइन जॉर्ज मसीह ने अंग्रेजी भाषा में ली शपथ ली। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित अन्य दिग्गज मौजूद रहें। जस्टिस मसीह 12 मार्च, 1963 का जन्म पंजाब के रोपड़ में हुआ। उन्होंने नसेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल, कसौली (एचपी) में प्रारंभिक स्कूली शिक्षा ली और फिर सैफुद्दीन ताहिर हाई स्कूल, अलीगढ़ से स्कूली शिक्षा पूरी की। उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय अलीगढ़ से शिक्षा प्राप्त की। वे सहायक महाधिवक्ता, उप महाधिवक्ता, अतिरिक्त महाधिवक्ता के पदों पर भी रहे हैं। 10 जुलाई 2008 को पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट में उन्हें अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप नियुक्त मिली। राजस्थान हाइकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश का पद तत्कालीन सीजे पंकज मित्थल को सर्वोच्च न्यायालय में जज के पद पर नियुक्त के बाद से रिक्त था।

### 5. भारत के CAG गिरीश चन्द्र मुर्मू विश्व स्वास्थ्य संगठन के बाह्य लेखा परीक्षक हुए नियुक्त



भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (CAG) गिरीश चंद्र मुर्मू (Girish Chandra Murmu) को 4 साल के लिए अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO), जिनेवा के बाहरी लेखा परीक्षक यानी ऑडिटर के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है. जिनेवा के बाहरी लेखा परीक्षक के तौर पर उन्हें 2024 से 2027 तक 4 साल के कार्यकाल के लिए चुना गया है. गिरीश चंद्र मुर्मू को फिलीपींस के सुप्रीम ऑडिट इंस्टीट्यूशन ILO के मौजूदा बाहरी ऑडिटर से पदभार ग्रहण करने को मिलेगा. सीएजी की नियुक्ति अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ-साथ इसके उच्च मानकों, वैश्विक ऑडिट अनुभव और मजबूत राष्ट्रीय साख को बढ़ा रही है. सुप्रीम ऑडिट संस्थानों (SAI) से बोलियां आमंत्रित की थीं. जिसमें बेहतर तकनीकी अनुभव और अन्य मानदंडों के आधार पर, ILO ने 3 सर्वोच्च लेखा परीक्षा संस्थानों (भारत, कनाडा और यूनाइटेड किंगडम) को चुना है. इसका उद्देश्य बाहरी ऑडिटर के कार्यों को करने में महत्वपूर्ण स्वतंत्रता और निरीक्षण को बनाए रखते हुए ILO को अपने रणनीतिक लक्ष्यों को पूरा करने में सहायता करना है.

### 6. Small Saving Scheme में 10 लाख से अधिक किया निवेश तो देना होगा इनकम प्रूफ



केंद्र सरकार ने अब डाकघर की बचत योजनाओं में 10 लाख रुपये से ज्यादा निवेश करने पर इनकम प्रूफ देना अनिवार्य कर दिया है। आतंकवादी वित्तपोषण और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी गतिविधियों के लिए दुरुपयोग को रोकने के लिए डाकघर योजनाओं में सभी निवेशों को सख्त केवाईसी (KYC) और पीएमएलए (PMLA) नियमों के तहत लाया गया है। डाक विभाग द्वारा जारी किए गए सर्कुलर के मुताबिक, ग्राहकों को जोखिम के आधार पर वर्गीकृत किया जा रहा है। ज्यादा जोखिम वाले ग्राहकों को केवाईसी के अलावा आय का प्रमाण यानी इनकम प्रूफ के डॉक्यूमेंट्स भी जमा करने होंगे। जिन ग्राहकों के सभी खातों में जमा कुल राशि 50 हजार रुपये से ज्यादा नहीं हैं, वे ग्राहक कम जोखिम वाले कैटेगरी में रखे जाएंगे। जिन ग्राहकों के सभी खातों में जमा कुल राशि 50 हजार रुपये से ज्यादा और 10 लाख रुपये से कम हैं, उन्हें मध्यम जोखिम वाली कैटेगरी में रखा जाएगा जिन ग्राहकों के सभी खातों में 10 लाख रुपये से ज्यादा की राशि हैं, उन्हें उच्च जोखिम वाली कैटेगरी में रखा जाएगा।

### 7. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने बांद्रा-वर्सोवा समुद्री मार्ग का नामकरण 'वीर सावरकर बांद्रा-वर्सोवा सागरी सेतु' किया



महाराष्ट्र सरकार ने सावरकर जयंती के मौके पर बड़ा ऐलान किया है। कि अब बांद्रा-वर्सोवा सी-लिंक वीर सावरकर के नाम से जाना जाएगा। महाराष्ट्र की राजनीति में सावरकर का अहम स्थान है। सरकार ने बांद्रा-वर्सोवा समुद्र सेतु का नाम करण वीर सावरकर के नाम पर करने का फैसला किया है। अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को वीर सावरकर वीरता पुरस्कार देने का फैसला किया है।' अभी यह सी लिंक केवल 7 प्रतिशत ही बना है जबकि इसका निर्माण 2018 से चल रहा है। शिंदे ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार के शौर्य पुरस्कार की तर्ज पर 'स्वातंत्र्यवीर सावरकर शौर्य पुरस्कार' भी प्रदान किया जाएगा। सी लिंक के बन जाने से बांद्रा से वर्सोवा के बीच की दूरी 20 से 25 मिनट में तय की जा सकेगी। फिलहाल डेढ़ से दो घंटे का समय लगता है। 8 लेन वाले सी लिंक के निर्माण पर कुल 11 हजार 332 करोड़ रुपये खर्च होंगे। लगभग 17 किलोमीटर लंबा सी लिंक बांद्रा के कार्टर रोड, जुहू से होते हुए वर्सोवा तक पहुंचेगा।

### 8. भ्रष्टाचार रोकने के लिए तीन सिद्धांतों पर बनी सहमति



जी-20 सम्मेलन में भ्रष्टाचार रोकने के लिए तीन सिद्धांतों पर सहमति बनी है। इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भ्रष्टाचार का मुकाबला करने के लिए कानून प्रवर्तन में सहयोग, सूचनाओं का आदान-प्रदान, भ्रष्टाचार से संबंधित संपत्ति की वसूली तंत्र को मजबूत किया जाएगा। टिहरी जिले के नरेंद्रनगर में एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक में तीन दिन तक भ्रष्टाचार के मुद्दे पर गहन मंथन किया गया। सूचना साझा करने के लिए सहयोग, भ्रष्टाचार से निपटने के लिए संस्थागत ढांचे और आपसी कानूनी सहायता मुद्दों पर मंथन किया गया। इसके बाद जी-20 देशों के प्रतिनिधियों ने भ्रष्टाचार को रोकने और उससे मुकाबला करने के लिए तीन उच्च स्तरीय सिद्धांतों पर सहमति व्यक्त की है। इसमें जिम्मेदार सार्वजनिक निकायों और प्राधिकरणों की प्रभावशीलता को बढ़ावा देना, भ्रष्टाचार का मुकाबला करने के लिए कानून प्रवर्तन संबंधी अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सूचना साझा और भ्रष्टाचार से संबंधित संपत्ति वसूली तंत्र को मजबूत करना शामिल है।

**QUIZ**

**1. आईपीएल 2023 में सबसे अधिक रन बनाकर 'ऑरेंज कैप' किस खिलाड़ी ने जीता?**

**(a) यशस्वी जायसवाल**
**(b) डेविड वार्नर**
**(c) विराट कोहली**
**(d) शुभमन गिल**

**EXPLANATION-: आईपीएल 2023 में गुजरात टाइटन्स (GT) के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने सबसे अधिक रन बनाकर 'ऑरेंज कैप' अपने नाम कर लिया. गिल ने इस सीजन 890 रन बनाकर यह अवार्ड जीता. इस सीजन गिल ने कुल 17 मैचों में 59.33 के औसत से सर्वाधिक 890 रन बनाये. गिल ने आईपीएल 2023 में गिल ने तीन शतक भी लगाए. इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर RCB के कप्तान फाफ डु प्लेसिस रहे उन्होंने टोटल 730 रन बनाये.**

**2. आईपीएल 2023 में 'इमर्जिंग प्लेयर ऑफ़ द सीजन' का अवार्ड किस खिलाड़ी ने जीता?**

**(a) शुभमन गिल**
**(b) यशस्वी जायसवाल**
**(c) रिंकू सिंह**
**(d) आकाश मधवाल**

**EXPLANATION -: आईपीएल 2023 के इस सीजन में राजस्थान रॉयल्स के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को 'इमर्जिंग प्लेयर ऑफ़ द सीजन' के अवार्ड से सम्मानित किया गया. यशस्वी ने इस सीजन शानदार बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 48.08 की औसत और 163.61 की स्ट्राइक रेट से 625 रन बनाए. जायसवाल ने आईपीएल इतिहास का सबसे तेज अर्धशतक भी जड़ा, उन्होंने महज 13 गेंदों में 50 रन का आंकड़ा पार किया था.**

**3. आईपीएल 2023 में सर्वाधिक विकेट लेकर किस गेंदबाज ने 'पर्पल कैप' जीता?**

**(a) राशिद खान**
**(b) मोहम्मद शमी**
**(c) हार्दिक पांड्या**
**(d) मोहित शर्मा**

**EXPLANATION -: आईपीएल के किसी सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी को पर्पल कैप दिया जाता है. आईपीएल 2023 में गुजरात टाइटन्स (GT) के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने 28 विकेट लेकर पर्पल कैप अपने नाम की. फेयरप्ले ऑफ़ द सीज़न का अवार्ड दिल्ली कैपिटल्स की टीम को दिया गया. इस बार मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर ऑफ़ द सीजन (MVP) का अवार्ड गुजरात टाइटन्स के शुभमन गिल को दिया गया. बता दें युजवेंद्र चहल ने 2022 में पर्पल कैप जीती थी.**

**4. किस राज्य ने 13वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2023 का ख़िताब जीता?**

**(a) पंजाब**
**(b) हरियाणा**
**(c) मध्य प्रदेश**
**(d) उत्तर प्रदेश**

**EXPLANATION -: उत्तर प्रदेश हॉकी ने ओडिशा के प्रतिष्ठित बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में फाइनल में ओडिशा हॉकी एसोसिएशन को हराकर 13 वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2023 जीत ली है. उत्तर प्रदेश हॉकी ने ओडिशा की टीम को**

7-1 से हराया. हरियाणा की हॉकी टीम ने मध्य प्रदेश को हराकर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया.

**5. आईपीएल 2023 का टाइटल किस टीम ने जीता?**

(a) गुजरात टाइटन्स
(b) चेन्नई सुपर किंग्स
(c) मुंबई इंडियन्स
(d) राजस्थान रॉयल्स

**EXPLANATION -:** एम एस धोनी की नेतृत्व वाली चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल 2023 की विजेता बन गयी है. अहमदाबाद में खेले गए फाइनल मैच में चेन्नई की टीम ने गत विजेता गुजरात टाइटन्स को हराकर यह टाइटल जीता. यह आईपीएल का 16वां सीजन था. फाइनल मैच में चेन्नई के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे को प्लेयर ऑफ़ द मैच चुना गया. गुजरात पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 214 रन बनायें थे, बारिश के कारण चेन्नई को 171 रनों का संशोधित लक्ष्य मिला था.

**6. कान्स फिल्म फेस्टिवल 2023 किसे सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?**

(a) कोजी याकुशो
(b) क्रिस इवान
(c) रॉबर्ट डाउनी
(d) जेनिफर लॉरेंस

**EXPLANATION -:** बेस्ट एक्टर की कैटेगरी में जापानी अभिनेता कोजी याकुशो ने कान्स फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता. यह पुरुस्कार उन्हें विम वेंडर्स की 'परफेक्ट डेज़' फिल्म में उनकी भूमिका के लिए मिला, जिसमें उन्होंने एक टॉयलेट क्लीनर की भूमिका निभाई. और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार निर्देशक नूरी बिलगे सीलन के तुर्की नाटक 'अबाउट ड्राई ग्रास' की स्टार मर्व दिज़दार को मिला।

**7. हाल ही में बने 'बांद्रा वर्सोवा समुद्री पुल' का नाम किसके नाम पर रखा जाएगा?**

(a) बी आर अंबेडकर
(b) जवाहर लाल नेहरू
(c) वी.डी सावरकर
(d) शहीद भगत सिंह

**EXPLANATION -:** बांद्रा-वर्सोवा लिंक ब्रिज का नाम वीर सावरकर सेतु के नाम से जाना जाएगा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस बात ऐलान किया। उन्होंने सावरकर जयंती के अवसर पर यह घोषणा की। इससे पहले एकनाथ शिंदे ने वीडी सावरकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर शिंदे ने कहा कि शासन ने सावरकर गौरव दिन मनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि स्वातंत्र्यवीर सावरकर की जयंती के अवसर प्रदेश में विविध कार्यक्रम हो रहे हैं।

**8. किस राज्य सरकार ने ग्रामीण गरीबों के लिए 'मो घर आवास योजना शुरू करने की घोषणा की है?**

(a) तमिलनाडु
(b) ओडिशा
(c) पश्चिम बंगाल
(d) राजस्थान

**EXPLANATION -:** एक साल से भी कम समय में होने वाले आम चुनावों पर नजर रखने के लिए एक प्रमुख सोप में, नवीन पटनायक सरकार ने एक नई आवास योजना 'मो घर' शुरू करने की घोषणा की, जो निम्न और निम्न मध्यम-आय वाले परिवारों को कवर करने के लिए छोड़ दिया गया है। मौजूदा केंद्रीय और राज्य आवास कार्यक्रमों की। नया कार्यक्रम दो साल के भीतर राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग चार लाख लाभार्थियों को कवर करने के लिए तैयार है। इस निर्णय को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में उनके लगातार पांचवे कार्यकाल के चार वर्ष पूरे होने पर मंजूरी दी गई।

**ONE LINER**

अटल भूजल योजना के लिए सरकार द्वारा कब तक बढ़ायी गयी है– 2027 तक
खीर भवानी मेला का आयोजन कहाँ किया जाता है – जम्मू कश्मीर

**हाल ही में ज्योति याराजी द्वारा टी – मीटिंग 2023 एथलीटिक्स मीट (बाधा दौड़) में कौन सा पदक जीता है - स्वर्ण**

**13वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष चेम्पिनशिप कौन से प्रदेश द्वारा जीती गयी है – उत्तर प्रदेश**

**भारत के लिए हाल ही में कहां पर दूसरी जलविद्युत परियोजना स्थापित करने की मंजूरी मिली है – नेपाल में**

**किसे हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन का बाहरी लेखा परीक्षक चुना गया है – गिरीश चंद्र मुर्मू**

**कौन से राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा नई आवास योजना (मोघर) की घोषणा की गयी है – ओडिशा**

**कहां पर हाल ही में 'स्पीक मैके के 8वें अंतराष्ट्रीय सम्मलेन' का उद्धघाटन किया गया – नागपुर**

**किसे हाल ही में राजस्थान हाई कोर्ट का मुख्य न्यायधीश नियुक्त किया गया है – जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज**

**कौन से देश के राष्ट्रपति द्वारा नए समलैंगिक विरोधी कानून को मंजूरी दी गयी है – युगांडा**